खबर संक्षेप

## जुन्नारदेव शासकीय कॉलेज प्राचार्य की मनमानी

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एके टांडेकर का एक निर्णय सामने आया है जहां पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा जनभागीदारी मद से स्थायीकर्मी में विनिमित हुए 04 कर्मचारियों के आदेश को मनमानी करते हुए निरस्त कर दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के पालन में महाविद्यालय के जनभागीदारी कर्मचारियों को जनभागीदारी समिति और महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा द्वारा 02 मार्च 2024 को स्थायीकर्मी योजना से लाभान्वित किया गया था। बीते वर्ष 24 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय की जनभागीदारी/ स्वशासी/ स्ववित्तीय सहित अन्य निधियों से कार्यरत गैर शैक्षणिक दैनिक वेतनभोगियों को स्थायी कर्मी योजना से हटाये जाने के आदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किये गये थे, जिसके बाद विभाग के आदेश के विरूद्ध महाविद्यालय में कार्यरत स्थायीकर्मियों द्वारा 28 नवम्बर 2025 को स्टे प्राप्त कर लिया गया था। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा कार्यरत स्थायीकर्मी कर्मचारियों के आदेश को स्टे उपरांत 08 माह बाद ही क्यों निरस्त किया गया है इस पर सवालिया निशान खड़े हो रहे है। वहीं स्थायीकर्मियों ने बताया कि इस संबंध में प्राचार्य को उच्च शिक्षा विभाग के विरूद्ध कोर्ट का स्टे आर्डर भी आवक/जावक डॉक में एंट्री कराकर 04 जुलाई को सौप दिया गया है, इसके बाद भी प्राचार्य द्वारा अपनी मनमानि करते हुये न्यायालय के आदेश को दत्ता बताकर कर्मचारियों के स्थायीकर्मी आदेश को निरस्त कर दिया गया है।

## स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा दांव पर, प्रशासन मौन

# ग्राम बिछुआ बग्गु की जर्जर पुलिया बनी जानलेवा

**रामोकाना/सौसर...क्षेत्र के ग्राम बिछुआ बग्गु स्थित पीडब्ल्यूडी की पुलिया इस समय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। पुलिया की जर्जर स्थिति के कारण यहाँ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि गहरी नींद में सोए हुए हैं।**

इस पुलिया से होकर प्रतिदिन 5 से 6 स्कूल बसें और सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। पुलिया की सतह पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं, जो वाहनों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विशेषकर बरसात के मौसम में यह पुलिया किसी 'डेथ ट्रैप' (मौत के जाल) से कम नहीं होती। फिसलन और गड्ढों के कारण स्कूली बच्चों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। खेती-किसानी के इस सीजन में पुलिया की खराब हालत ने



किसानों की कमर तोड़ दी है। खाद, बीज और कृषि उपकरणों को खेतों तक ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों को रास्ता बदलने पर मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विधान सभा लोकसभा चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बेहतर सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन चुनाव बीतते ही वे इस गंभीर समस्या को पूरी तरह भूल गए हैं। ग्रामीणों का आक्रोश इस बात पर है कि आखिर प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों कर रहा है? ग्राम बिछुआ बग्गु के निवासियों ने जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुलिया का सुदृढ़ीकरण नहीं कराया गया, तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। चर्चा के दौरान प्रमोद पातुरकर ने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार शासन प्रशासन को अवगत किया जा चुका है बावजूद इसके कोई कार्यवाही नही की जा रही है। स्थानीय लोगों की मांग है पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुलिया का तत्काल तकनीकी निरीक्षण हो। मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाए। दुर्घटना को रोकने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों के द्वारा जल्द से जल्द करवाई और व्यवस्था बनाने की मांग की गई है।

## चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को प्रशस्ति-पत्र देकर नवाजा



**सौसर।** चिकित्सा जगत में सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति चिकित्सकों के सम्मान में डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा 'डॉक्टर्स डे' के उपलक्ष्य में होटल जैस्वाल इन में एक भव्य सम्मान समारोह एवं सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह अपनी तरह का पहला और अनूठा कार्यक्रम रहा, जिसने न केवल चिकित्सकों को एक मंच पर एकजुट किया, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र के नवीन आयामों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्षेत्र के चिकित्सकों का सम्मान रहा। अपने चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को प्रशस्ति-पत्र देकर नवाजा गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के भूतपूर्व अध्यक्षों एवं पूर्व कार्यकारिणी सदस्यों के योगदान को भी याद किया गया और उन्हें स्मृति-चिन्ह प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह में नागपुर के रेडियंस हॉस्पिटल के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. मनोज पुरोहित एवं डॉ. दीपिका पुरोहित ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित (सतत चिकित्सा शिक्षा) सत्र में उन्होंने डायबिटीज के बढ़ते मामलों और उनके उपचार में आधुनिक तकनीक पर गहन जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को नवीनतम शोध एवं चिकित्सा पद्धति से अवगत कराते हुए प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। आयोजन की सफलता के लिये एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ. प्रिया मोहोड सचिव डॉ. सुप्रिया नखाते डॉ. शीतल राठी डॉ. सोनिका सूर्यवंशी डॉ. श्याम क्षीरसागर ने प्रयास किये। कार्यक्रम में पूर्व सीएमएचओ डॉ. शास्त्री बीएमओ डॉ. रूपेश बोकड़े ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की।

# अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए कार्यकर्ता करें कार्यः संदीप मोहड़

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में जुटें कार्यकर्ता



**सौसर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने आराध्य एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्मजयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'संस्मरण पखवाड़ा' का समापन आज एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ हुआ। 23 जून से 6 जुलाई तक चले इस पखवाड़े के दौरान पार्टी ने उनके जीवन दर्शन, राष्ट्रवाद और वैचारिक दृढ़ता को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपना जीवन सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अर्थ केवल एक संप्रदाय तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की परंपरा और आस्था के अनुरूप देश को आगे ले जाना है। मोहोड ने कहा कि आज भाजपा जो वटवृक्ष बनी है, वह डॉ. मुखर्जी द्वारा बोए गए 'राष्ट्र प्रथम' के बीज मंत्र का ही परिणाम है। सभी को अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए कार्य मदद सहयोग करना है। पूर्व भाजपा जिला नरेंद्र परमार ने डॉ. मुखर्जी के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब कांग्रेसी सरकार की तुष्टिकरण की नीति और कश्मीर मुद्दे पर दोहरी नीति हावी थी, तब डॉ. मुखर्जी ने मंत्री पद त्यागकर देशहित में कांग्रेस का विरोध करने का साहस दिखाया। उन्होंने कहा, दीपक चुनाव चिन्ह का उस समय उपहास उड़ाया जाता था, विलास घोंघे और मंडल अध्यक्ष गगन घटकडे आदि वक्ताओं ने कहा कि यदि डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 का विरोध न किया होता, तो आज कश्मीर का भारत के साथ पूर्ण एकीकरण संभव नहीं हो पाता। उन्हें 'आजाद भारत का पहला बलिदानी' बताते हुए कार्यकर्ताओं से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड, मोरेश्वर मर्सकोले, संतोष जैन, राजेन्द्र भक्ते, वैशाली महाले, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, अनुसूचित जाति खेमराज सोनकर,हरीश बत्रा, पांढुर्णा नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे,सौसर नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंद्रचंद डागा,नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, भाजपा नेता अज्जू ठाकुर,श्रीमती उषा भमोरे, सौसर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, नरेंद्र कुकडे , भाजपा के सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के प्रतिनिधि और बूथ स्तर तक के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनहित व श्रमिक समस्याओं को लेकर सीएमडी से मिले विधायक



**परासिया।** सोमवार 06 जुलाई 2026 को क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने वेकोली के अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक (CMD) हेमंत शरद पांडे से सौजन्य भेंट कर पेंच-कन्हान क्षेत्र एवं श्रमिकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा उनके शीघ्र निराकरण की मांग की । मुलाक़ात के दौरान विधायक वाल्मीकि ने प्रमुख रूप से मुआरी (मोहन) कोलियरी को एमडीओ (MDO) के माध्यम से संचालित करने के बजाय विभागीय (Departmental) रूप से संचालित किए जाने का आग्रह किया । उन्होंने छिंदवाड़ा जिले के प्रतिष्ठित अस्पतालों को वेकोली के पैनल हॉस्पिटल में शामिल करने की मांग भी रखी । बड़कुही अस्पताल में डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त एवं नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया । इसके अलावा पेंच-कन्हान क्षेत्र के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने के संबंध में भी विस्तार से विचार - विमर्श किया गया । साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्वीकृत बजट में हुई अनियमितताओं से संबंधित विषयों को भी विधायक ने गंभीरता से उठाया और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की ।

## भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**जुन्नारदेव।** भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव द्वारा मुखर्जी चौक पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री कमलेश उईके उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनके विचार, त्याग और राष्ट्रवादी चिंतन आज भी प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता एवं देशवासी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।इस अवसर पर नगर मंडल के वरिष्ठ नेता, मंडल पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण, मातृशक्ति, युवानेता एवं कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा राष्ट्रहित, सेवा और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## सीएमओ ने किया बाढ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**पांढुर्णा।** आज 6 जुलाई को सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने बाढ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर उचित दिशा निर्देश दिए। सीएमओ महोदया भारी बारिश की संभावना को देखते हुए नदी किनारे लगाई जा रही अवैध दुकानदारों को सूचना देकर हटने के निर्देश जारी किए। यदि यह दुकानदार नदी किनारों से नहीं हटते है तो उन्हें बलपूर्वक वहां से हटाया जाएगा ऐसी चेतावनी सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने दी। सीएमओ महोदया ने आज जाम नदी, चंद्रभागा नदी, ब्रम्हणी पुलिया, शारदा मार्केट स्थित छोटी पुलिया के क्षेत्र में निरीक्षण किया।

## शासकीय महाविद्यालय दमुआ में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषयक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में आज प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत ₹मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण₹ विषय पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकों तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को दिखाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा ली।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास एवं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी (टीपीओ) श्री नीरज कुमार सल्लाम उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, तनाव से दूर रहने तथा सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



## जोड़सड़क से रिड्डीटेक तक का मार्ग बदहाल, एमपीआरडीसी की लापरवाही से लोग परेशान

# तिरोड़ी रेलवे स्टेशन के पास सड़क बनी जानलेवा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जोड़सड़क मुख्य मार्ग से तिरोड़ी होकर रिड्डीटेक में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को जोड़ने वाली सड़क की हालत इन दिनों बेहद खस्ता हो गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी पुलिया और जर्जर सड़क के कारण राहगीरों का सफर मुसीबत भरा हो गया है। सबसे बुरी स्थिति तिरोड़ी रेलवे स्टेशन के पास देखने को मिल रही है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। इस सड़क की देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी एमपीआरडीसी के पास है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। तिरोड़ी रेलवे स्टेशन के पास सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। डामर निकलकर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी भर जाता है और गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इसी कारण नए राहगीर और दोपहिया वाहन चालक अक्सर इन गड्ढों में फंसकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम के समय अंधेरा होने पर हादसों का खतरा और बढ़ जाता है।

**टूटी पुलिया और जर्जर बांध की सड़कः** इसी मार्ग पर कोयलारी के पास बनी पुलिया पूरी तरह टूट चुकी है। पुलिया के ऊपर और आसपास जलनिकासी न होने से हमेशा जलभराव बना रहता है। वहीं ग्राम सीतापठोर में राजीव सागर बांध की नहर के ऊपर से गुजरने वाली पुलिया की स्थिति भी गंभीर है। पुलिया की कंक्रीट उखड़ने से लोहे की सलाखें बाहर निकल आई हैं। कोयलारी के नजदीक राजीव सागर बांध की नहर पर बना दूसरा पुलिया भी इसी तरह जर्जर अवस्था में है। कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों और वाहन चालकों का आरोप है कि यह मार्ग तिरोड़ी को एनएच-44 से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। यहां से रोजाना सैकड़ों वाहन, स्कूल बस और मरीजों को लेकर एंबुलेंस गुजरती हैं। लेकिन एमपीआरडीसी के अधिकारी सड़क की बदहाली पर ध्यान नहीं दे रहे। कई बार शिकायत करने के बाद भी न गड्ढे भरे गए और न ही पुलिया की मरम्मत हुई। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग सिर्फ कागजों में मरम्मत कर रहा है। हकीकत में सड़क पर एक बोरी गिट्टी भी नहीं डाली जा रही है।

**प्रशासन से मांगः** क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर और एमपीआडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मानसून के दौरान तत्काल गड्ढों को भरकर अस्थायी मरम्मत कराई जाए और कोयलारी व सीतापठोर की पुलिया को दुरुस्त किया जाए। साथ ही जोड़सड़क से रिड्डीटेक तक सड़क का स्थायी निर्माण और मजबूतीकरण किया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा,सामुदायिक भवन और पाइप पुलिया का विधायक ने किया लोकार्पण

# बिना भेदभाव सबके साथ मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकासः विवेक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम ओझाटोला में गोंडवाना सर्कल के तत्वाधान में क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा, पिपरिया में 15 लाख रुपयों की लागत से बने सामुदायिक भवन एवं घोघरिया घाट से एंका टोला के मध्य 8 लाख रुपयों की लागत से बने पाइप पुलिया का विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते लोकार्पण किया गया।

इस कार्यक्रम में पहुँचने पर विधायक विवेक विक्की पटेल का समाज के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। जिसके पश्चात विधायक विवेक पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की पूजा अर्चना और माल्यार्पण कर लोकार्पण किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस डोंगरमाली अध्यक्ष व जनपद सदस्य जितेंद्र सिंह जीतू राजपूत, सरपंच भागचंद पटले, उपसरपंच माधुरी तोड़कर, देवेंद्र सिंह मसराम,राजकुमार चौधरी, गुरुप्रसाद हरिनखेड़े,श्रवण मेश्राम,पन्नालाल पटले, सोहनलाल मर्सकोले, टीकाराम मसकोले,रामप्रसाद टेकाम,अनिल अमूदगरे, चंदशेखर ऐडपाचे,ईश्वरीय दामनकर,मनीष उइके, लालसिंह उइके,शिवचंद माड़वी, धर्मचंद पटले, बालाराम गजभिए, ओमप्रकाश सहारे,मनोज वघाड़े,चित्तूलाल मर्सकोले, हेमा उइके सहित ग्रामवासी मौजूद रहें।

जनपद सदस्य जीतू राजपूत ने कहा कि पहली बार क्षेत्र ने एक अच्छे विधायक को चुना है। क्षेत्र में क्या-क्या विकास करवाना है।हर समय ग्रामीणों से चर्चा करते रहते है।भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज और हम सबके लिए भगवान के समान है।सभी को संगठित रखने का कार्य भगवान बिसरा मुंडा ने किया। हर समय उन्होंने जल, जंगल, जमीन के लिए अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी।मूर्ति क्यों लगवाई जाती है।अपनी आने वाली पीढ़ी को बताए।इनका इतिहास बच्चों को बताए।विवेक पटेल विपक्ष का विधायक रहते हुए भी क्षेत्र में करोड़ो रुपए का काम करवा रहे है।विधानसभा में पहुंच कर किसानों की समस्याओं के बारे में सरकार से लड़ते है।लाडली बहनों को तीन हजार रुपए प्रतिमाह का लालच देकर चुनाव में वोट तो ले लिए।मगर अब बहनों को तीन हजार रुपए देने पसीने छूट रहे है। सरकार ने दूसरी तरफ खाद,बीज का दाम दुगुना कर दी है।

# लांजी 15 वर्ष पुराने बहुचर्चित लूटकांड में बड़ा फैसला, मुख्य आरोपी अनिल डाहरे दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज लांजी।




वर्ष 2011 में लांजी थाना क्षेत्र के ग्राम ओटेकसा में हुए बहुचर्चित लूटकांड में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी अनिल डाहरे को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। लगभग 15 वर्षों तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद आए इस निर्णय से लंबे समय से लंबित प्रकरण का पटाक्षेप हो गया। जानकारी के अनुसार, थाना लांजी में दर्ज लूट प्रकरण की सुनवाई प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बालाघाट के समक्ष चल रही थी। मामले में अभियोजन पक्ष एवं बचाव पक्ष ने अपने-अपने साक्ष्य और तर्क न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। सभी दस्तावेजों, गवाहों के बयान तथा उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने 6 जुलाई 2026 को अपना निर्णय सुनाया।

प्रकरण में आरोपी अनिल डाहरे की ओर से अधिवक्ता ऋषभ जैन ने प्रभावी पैरवी की। बचाव पक्ष ने न्यायालय के समक्ष यह तर्क रखा कि प्रस्तुत साक्ष्य आरोपी के विरुद्ध आरोपों को संदेह से परे सिद्ध नहीं करते। वहीं अभियोजन पक्ष ने भी अपने पक्ष में साक्ष्य एवं दलीलें पेश कीं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और समस्त साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोप पर्याप्त रूप से सिद्ध नहीं हो सके। इसके चलते न्यायालय ने भारतीय दंड प्रक्रिया के स्थापित सिद्धांतों के अनुरूप अनिल डाहरे को संदेह का लाभ प्रदान करते हुए दोषमुक्त करने का आदेश पारित किया। करीब डेढ़ दशक तक चले इस बहुचर्चित प्रकरण में आए फैसले को न्यायिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। न्यायालय के निर्णय के बाद बचाव पक्ष ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने विधिसम्मत निर्णय सुनाया।

## वार्ड 11 और 5 में मंडरा रहा हादसे का खतरा, कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन की चेतावनी

# जर्जर पानी की टंकी बनी मौत का इंतजार! ठेकेदार-अधिकारियों की मिलीभगत पर कांग्रेस का सीधा हमला

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 11 और वार्ड क्रमांक 5 में स्थित वर्षों पुरानी जर्जर पानी की टंकी अब लोगों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष एवं पार्षद सौरभ (मोनू) पशीने ने इस मामले को लेकर पहले अनुविभागीय अधिकारी लांजी और अब जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और जल आवर्धन योजना में ठेकेदार की लगातार देरी के कारण आम नागरिकों की जान जोखिम में डाल दी गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 11 स्थित सराय कॉम्प्लेक्स और काली मंदिर के समीप बनी पुरानी पानी की टंकी अत्यंत जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। टंकी की सीढ़ियां सरियों के सहारे लटक रही हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्र में लोगों की लगातार आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में यदि टंकी का कोई हिस्सा गिरता है तो गंभीर जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता। आरोप है कि इस गंभीर स्थिति की जानकारी 27 जून 2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत और फोटोग्राफ के माध्यम से दी गई थी, लेकिन अब तक न तो टंकी को सुरक्षित किया गया और न ही कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था की गई।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद की जल आवर्धन योजना का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं किया गया। कई बार समय बढ़ाने के बावजूद संबंधित ठेकेदार कार्य पूर्ण करने में विफल रहा। उनका कहना है कि यदि नई जल आपूर्ति व्यवस्था समय पर शुरू हो जाती तो पुरानी और अनुपयोगी टंकी को ध्वस्त कर वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती थी। अब सवाल यह है कि आखिर ठेकेदार को लगातार संरक्षण क्यों दिया जा रहा है और अधिकारी समय सीमा के बाद भी उससे जवाबदेही तय करने में क्यों असफल हैं।

**'मिलीभगत' के आरोप, आंदोलन की चेतावनीः** ज्ञापन में पूरे मामले को ठेकेदार और अधिकारियों की कथित मिलीभगत का परिणाम बताते हुए कहा गया है कि इसकी कीमत कहीं मासूम जनता को अपनी जान देकर न चुकानी पड़े। नगर कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पुरानी टंकी को तत्काल ध्वस्त कर सुरक्षित वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा जल आवर्धन योजना में हुई देरी और कथित लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो नगर कांग्रेस जनता के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन छेडन्ने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की होगी।

### इनका कहना है

बस स्टैंड की पानी टंकी की जर्जर हालत होने की जानकारी मुझे हाल ही में लगी है। इस संबंध में आज ही मेरे द्वारा पीएचई विभाग एवं नगर परिषद लांजी को पत्र जारी किया गया है ताकि मरम्मत ना होने पर उसे शीघ्र ही डिस्मेंटल किया जा सके। प्रशासन हादसे का इंतजार नही करेगा है और जल्द ही उसे पीएचई विभाग एवं नगर परिषद को डिस्मेंटल करने कहा जायेगा। वहीं काली मंदिर के समीप की पानी टंकी की जर्जर होने की जानकारी आपके माध्यम से दी जा रही है, उक्त टंकी के संबंध में भी पत्र जारी किया जायेगा।

**कमलचंद सिंहसार,**
**एसडीएम लांजी**

## जिले में 6 जुलाई तक 280 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 06 जुलाई 2026 तक कुल 280 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 216 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 जून से 06 जुलाई तक 322 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए । कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 29 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 13 मिलीमीटर, वारासिवनी में 16 मिलीमीटर, बैहर में 35 मिलीमीटर, लांजी में 70 मिलीमीटर, कटंगी में 97 मिलीमीटर, किरनापुर में 09 मिलीमीटर, खैरलांजी में 05 मिलीमीटर, लालबर्रा में 06 मिलीमीटर, बिरसा में 31 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 02 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति त्याग और समर्पण का प्रतीक-सांसद श्री कुलस्ते

# डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

* जिला कार्यालय परिसर में स्थापित की गई प्रतिमा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देशहित को सर्वोपरि रखते हुए अनेक ऐतिहासिक निर्णयों और आंदोलनों का नेतृत्व किया। उनका जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य करे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान लंबे समय से समर्पण निधि में सहयोग देने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान भी किया गया। सम्मानित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती में प्रत्येक कार्यकर्ता का समर्पण और सहयोग अमूल्य है। समर्पण निधि के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने जिस निष्ठा और विश्वास के साथ संगठन का साथ दिया है, वह अन्य कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणादायक है। पार्टी का प्रत्येक कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने तथा सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला कोषाध्यक्ष अखिल सिहारे ने समर्पण निधि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मंचासीन अतिथि पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला महामंत्री संतोष रजक, पंडित सिंह धुर्वे, नरेश चंद्रोल, प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा मोर्चा नीरज मरकाम, प्रदेश अजजा मंत्री संदीप कुलस्ते, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन ठाकुर, सिंघई प्रमोद जैन, बिजेन्द्र कोकडिया, श्रीराम सैयाम,डॉ विजय आनंद मरावी, संजय मिश्रा मंचासीन रहे वहीं इस दौरान भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्य सहित जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेश चंद्रोल, राजेश जैन ने किया, तो वहीं आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे ने किया।



# रबी उपार्जन में शॉर्टेज प्रकरणों का 4 दिवस में निराकरण करें-कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित रबी उपार्जन समीक्षा बैठक में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दौरान सामने आए शॉर्टेज प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि गौतम ने शॉर्टेज की स्थिति एवं शासन के निर्देशों की जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में बताया गया कि जिले के 23 उपार्जन केंद्रों में कुल 101.74 मीट्रिक टन गेहूं की शॉर्टेज पाई गई है। इनमें से 9 उपार्जन केंद्रों द्वारा शॉर्टेज की राशि जमा करा दी गई है। कलेक्टर ने शेष 12 उपार्जन केंद्रों को निर्देश दिए कि 4 दिवस के भीतर शॉर्टेज की राशि अनिवार्य रूप से जमा कराई जाए।

बैठक में यह भी बताया गया कि 2 उपार्जन केंद्रों में परिवहनकर्ता के कारण शॉर्टेज हुई है। इस पर कलेक्टर श्री धोटे ने संबंधित नान अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरणों का निराकरण कर 4 दिवस के भीतर राशि जमा कराना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक नियमानुसार कार्रवाई भी की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## ऑटो वालों की मनमानी से परेशान लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

बस स्टैंड में एवं आसपास की रोड में ऑटो बालों की मनमानी से आए दिन यहां जाम लगा रहता है बाजार के दोनों में तो इस कदर जाम लगा होता है कि लोगों को पैदल निकलना मुश्किल होता है ऑटो वाले बस स्टैंड में चाहे जहां अपने मनमर्जी से ऑटो खड़े कर देते हैं और उनके मना करने पर झगड़ा करने और गाली गलौज करने में तैयार रहते हैं बस स्टैंड से के चारों तरफ ऑटो वाले रोड को जाम कर लेते हैं और मनमानी सवारी ओवरलोड ऑटो करके चलाते हैं जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है जुलाई के महीना में स्कूल चालू हो गए हैं ऑटो चालक मनमानी ढंग से छात्रों को बैठाकर ओवरलोड कर स्कूल पहुंचते हैं जिससे कभी भी कोई भी घटना घट सकती है बस स्टैंड के चारों तरफ ऑटो रिक्शा घूमते हैं उनकी मनमानी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कई बार तो ऑटो चालक बीच सड़क पर खड़े करके सवारी उतरते हैं जिससे जाम की स्थिति हो जाती है लोगों का कहना है कि ऑटो चालकों को एक स्थाई जगह दी जाने चाहिए एवं पुलिस विभाग द्वारा उन्हें ओवरलोड सवारी न बैठने के लिए कहा जाए जिससे जाम की स्थिति ना मान सके बस स्टैंड से शासकीय स्कूल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनपद शिक्षा विभाग एवं स्कूल कॉलेज की छात्राएं एवं आम जनता जो पैदल चलना मुश्किल हो रहा है बस स्टैंड में ऑटो वाले की मनमानी के कारण इमरजेंसी वहां को परेशानी का सामना करना पड़ता है अत संबंधित अधिकारी से निवेदन है कि शीघ्र ही इन ऑटो वालों के मनमानी से रोक लगाई जाए ताकि यातायात व्यवस्था सुधर सके।

## खबर संक्षेप

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केन्द्र सिवनी में उल्लाास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिनांक 03/07/2026 को आयोजित किया गया ।
प्रशिक्षण में जिला परियोजना समन्वकयक महेश बघेल, जिला सह समन्वनयक रेवेन्द्रप कुमार ठाकुर, समस्तं विकासखण्डन शिक्षा अधिकारी, समस्तम विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वियक, विकासखण्डन अकादमिक समन्वायक एवं समस्तं विकासखण्डन सह समन्वधयक साक्षरता उपस्थित रहे।
जिला परियोजना समन्वयक द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि दिनांक 15/07/2026 तक प्रत्येसक ग्राम का डोर टू डोर सर्वे कर समस्ता असाक्षरों का चिन्होंकन कर ऑनलाईन पंजीयन एनआईएलपी एप्प में आवश्क रूप से कर लिया जावें। कोई भी असाक्षर सर्वे में छूटना नहीं चाहिए एवं सामाजिक चेतना केन्द्रों , अध्य यन केन्द्रों में नियमित रूप से कक्षा का संचालन किया जावें । 2027 तक जिले से निरक्षरता के कलंक को मिटाने हेतु इस कार्यक्रम को जन आंदोलन का रूप देते हुए सभी की सहभागिता सुनिश्चित की जावे ।

### अखाड़ा चैंपियन सिप का शानदार आयोजन प्रथम विजेता रहमानी अखाड़ा चैंपियन बना उपविजेता

**सिवनी।** अखाड़ा चैंपियन सिप का शानदार आयोजन प्रथम विजेता रहमानी अखाड़ा चैंपियन बना उपविजेता झिरिया मोहल्ला अखडा जबकि तीसरे स्थान पर मगली पेट कदीमी अखाडा रहा। सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी कार्यक्रम प्रवक्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया की उर्दू तिथि 18 मोहर्रम हिन्दी तिथि 4 जुलाई को रात्रि में उर्दू स्कूल ग्राउंड मुस्लिम अखाड़ों की जिला स्तरीय चैंपियन सिप आयोजित की गई थी जिसमें सिवनी शहर एवं ज़िले के अखाड़ों ने शिरकत की थी देर रात्रि तक प्रोगाम आयोजित किया गया जिसमें चार निर्णायक थें जो छिंदवाड़ा नैनपुर जबलपुर से आएं थे जिन्होंने सभी मुस्लिम अखाड़ों के शानदार प्रदर्शन पर अपना निर्णय लिया जिसमें पहला पुरस्कार विजेता अखाडा रहमानी अखाड़ा टिपू सुल्तान चौक हड्डी गोदाम दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले अखाडा झिरिया मोहल्ला जबकि तीसरा स्थान प्राप्त करने वाला अखाडा कदिमी अखाडा मगलीपेट रहा।सभी अखाड़ों को चैंपियन सिप आयोजित समिति द्वारा सम्मानित किया गया इस आयोजन में ज़िले भर के लगभग 14 अखाड़ों ने शिरकत की आयोजन समिति अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान क़ादरी संयोजक शोएब नवाब नबबू भाई पाषर्द इब्राहिम भाई सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी नाजिम खान जिशान ख़ान एवं आयोजन समिति यंग मुस्लिम अखाडा झिरिया मोहल्ला ने इस सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

# लखनादौन में अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग बनी जानलेवा

## क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है



**हरिभूमि संवाददाता मुकेश साहू।** सिवनी जिले के लखनादौन नगर की यातायात व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। नगर में शायद ही कोई ऐसी मुख्य सडक़ बची हो, जहां सडक़ किनारे दुकानों का अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और वाहनों की भीड़ न दिखाई देती हो। नगर परिषद और पुलिस प्रशासन की उदासीनता के कारण आम नागरिकों को प्रतिदिन जाम, असुविधा और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है।
नगर का सबसे व्यस्त क्षेत्र मोटा झील पुल आज अवैध पार्किंग का अड्डा बन चुका है। पुल पर दोनों ओर चार पांहेया वाहन खड़ कर दिए जाते हैं, जबांक सडक़ किनारे लगी दुकानों के कारण आवागमन और अधिक बाधित हो जाता है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और पैदल राहगीर हर समय दुर्घटना के खतरे के बीच गुजरने को मजबूर हैं। कई बार छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी गंभीरता नहीं दिखा रहा है। स्थिति केवल मोटा झील पुल तक सीमित नहीं है। अग्रवाल चौक, बस स्टैंड और नगर के अन्य प्रमुख मार्गों पर भी अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि बस स्टैंड पर बनी पुलिस चौकी में कई बार ताला लटका रहता है। ऐसे में यातायात व्यवस्था संभालने वाला कोई नहीं होता, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है।
स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार नगर परिषद और पुलिस प्रशासन को दी जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई स्थायी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?
नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नगर में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए, मोटा झील पुल और प्रमुख चौराहों पर अवैध पार्किंग पर तत्काल रोक लगाई जाए, यातायात पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा सडक़ सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में किसी बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जुगनी बाघिन चार शावकों के साथ सड़क पार करती हुई दिखी

### सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व से सटे खवासा-दुरिया मार्ग पर रविवार देर रात जुगनी बाघिन चार शावकों के साथ सड़क पार करती हुई दिखी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

एक कार सवार ने घटना का वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाघिन जुगनी अपने शावकों के साथ जंगल से सड़क पर आई और शांतिपूर्वक दूसरी ओर चली गई। कार सवार ने सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए अपने वाहन रोक लिए और बिना किसी हलचल के इस दृश्य को मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। यात्रियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील यह मार्ग पेंच टाइगर रिजर्व के करीब है, जहां वन्यजीवों की आवाजाही सामान्य है। इस घटना के बाद वन विभाग ने क्षेत्रीय लोगों और यात्रियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पेंच टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या अच्छी है और उनका मूवमेंट लगातार होता रहता है। ऐसे में जंगल से सटेमार्गों पर यात्रा करते समय विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। रात के समय वाहन चालकों को धीमी गति से चलने, अनावश्यक हॉर्न न बजाने और वन्यजीव दिखने पर उनसे दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है।देश-विदेश स पर्यटक पेंच राष्ट्रीय उद्यान आते हैं पेंच राष्ट्रीय उद्यान अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहां बाघ के अतिरिक्त तेंदुआ, भेड़िया, जंगली बिल्ली, चीतल, सांभर, गौर, जंगली सूअर, नीलगाय और चार सींगों वाला मृग जैसे कई अन्य जीव पाए जाते हैं। इसके अलावा, मोर सहित 200 से अधिक पक्षी प्रजातियां भी इस क्षेत्र में मौजूद हैं। देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पेंच राष्ट्रीय उद्यान आते हैं, जहां उन्हें प्राकृतिक वातावरण में वन्यजीवों को करीब से देखने का अवसर मिलता है।

# छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू की मैहर पदयात्रा का गणेशगंज में भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया गणेशगंज /लखनादौन/सिवनी।** छिंदवाड़ा/पांढुर्णा के सांसद विवेक बंटी साहू मां शारदा देवी मंदिर, मैहर दर्शन हेतु श्रद्धालुओं के साथ लगभग 375 किलोमीटर की पदयात्रा पर है जो कि 1 जुलाई से प्रारंभ हुई यह धार्मिक पदयात्रा लगभग 14 दिनों में पूर्ण होगी। शनिवार सायंकाल यात्रा के गणेशगंज पहुंचने पर स्थानीय साहू समाज, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, सनातन धर्मप्रेमी बंधू तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने सांसद विवेक बंटी साहू एवं श्रद्धालुओं का आतिशबाजी,ढौल नगाड़े,पुष्पवर्षा, माल्यार्पण एवं जयघोष के साथ आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं के उत्साह और धार्मिक वातावरण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय देखा गया।
इस दौरान उच्च अधिकारियों के दिशानिर्देश पर सिविल अस्पताल लखनादौन के डॉक्टर राजेश डेहरिया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेशगंज की टीम ने आंनद मैरिज लॉन पहुंचकर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओ का चेकअप करते हुए सराहनीय योगदान दिया। यात्रा के दौरान सांसद श्री साहू एवं श्रद्धालुओं ने गणेशगंज स्थित श्री आनंद मैरिज लॉन में रात्रि विश्राम किया। रविवार प्रातः यात्रा पुनः प्रारंभ होने से पूर्व मैरिज लॉन परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश वन विभाग, गणेशगंज डिपो के डिप्टी रेंजर ऋषि पंद्रे सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में सांसद श्री साहू ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि धार्मिक आस्था के साथ प्रकृति का संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात सांसद विवेक बंटी साहू एवं श्रद्धालुओं का जत्था मां शारदा देवी मंदिर, मैहर की ओर रवाना हुआ।

### तेज आवाज व मॉडिफाइड सायलेंसर पर कोतवाली पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी

# बस स्टैंड के पास हुडदंग मचाने वाली बुलेट पर 1000 का समन, सायलेंसर जप्त

### एसपी कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण रोकने विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा तेज आवाज एवं मॉडिफाइड सायलेंसर वाले वाहनों पर रोक लगाने के दिए गए निर्देशों के पालन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।
दिनांक 03/07/2026 की रात्रि को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास गश्त के दौरान एक बुलेट मोटर साइकिल को तेज आवाज में सायलेंसर बजाकर हुडदंग मचाते हुए पाया गया। वाहन की तेज ध्वनि से आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की।
वाहन को थाना लाकर खड़ा किया गया तथा चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 120/190(2)एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कुल 1000/- का समन शुल्क वसूल कर मॉडिफाइड सायलेंसर को जप्त किया गया। चालक को भविष्य में इस प्रकार का कृत्य न करने एवं यातायात नियमों का पालन करने की कड़ी हिदायत दी गई।

### विशेष भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी एवं आरक्षक प्रतीक बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

### पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी की अपील

सिवनी शहर में शांति एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। तेज आवाज वाले सायलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण करते हैं बल्कि आमजन को परेशान भी करते हैं। ऐसे वाहनों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। वाहन चालक वैध दस्तावेज रखें एवं यातायात नियमों का पालन करें।

# पीएनबी देवरीकला शाखा को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन गणेशगंज।** देवरीकला। पंजाब नेशनल बैंक, देवरीकला शाखा में आज एक गौरवपूर्ण अवसर रहा, जब जबलपुर सर्किल के सर्किल प्रमुख प्रबुद्ध शर्मा एवं मुख्य प्रबंधक (क्रेडिट)अभिषेक तिवारी ने शाखा का दौरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संपूर्ण शाखा टीम को सम्मानित किया।



वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (क्त1) में शाखा ने 10 में से 9 प्रमुख प्रदर्शन मानकों पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। साथ ही, इंदौर सर्किल के साथ चल रही प्रतिस्पर्धा में पीएनबी वन एक्टिवेशन के क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल कर शाखा ने जबलपुर सर्किल का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संदीप बनर्जी, सेकंड मैन चंदन सूर्यवंशी तथा कृषि अधिकारी ईशान भालचक्र सहित शाखा के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शाखा परिवार ने सर्किल प्रमुख एवं मुख्य प्रबंधक (क्रेडिट) का प्रेरणादायक मार्गदर्शन, उत्साहवर्धन एवं सम्मान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। शाखा टीम ने भविष्य में भी उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करते हुए और बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प दोहराया।
टीम, पंजाब नेशनल बैंक, देवरीकला शाखा

# बरघाट की अनिभा बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर, सिवनी जिले का नाम किया रोशन, पिता का सपना पूरा किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बरघाट विकासखंड के घीसी गांव की बेटी अनिभा शरणागत ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी 2024 परीक्षा में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। अनिभा ने फ्रीलांसर जर्नलिस्ट जितेंद्र सिंह को बताया कि उनके पिता स्वर्गीय श्री रेवाराम शरणागत किसान थे। उनका सपना था कि उनकी बेटी प्रोफेसर बने। अनिभा ने उस सपने को साकार कर दिखाया। पहली बार में वेटिंग, हार नहीं मानी अनिभा ने बताया कि सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017 में वे चौथी वेटिंग लिस्ट में थीं, लेकिन चयन नहीं हो पाया। इसके बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और 2024 में आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल की।
अनिभा ने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई शासकीय महाविद्यालय बरघाट से पूरी की है। स्नातकोत्तर हिंदी विषय में उन्होंने 3 स्वर्ण पदक भी प्राप्त किए हैं। वर्तमान में वे शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में अतिथि विद्वान के पद पर कार्यरत हैं।

# लोकतंत्र सेनानी संघ ने स्कूल के बच्चों को बांटे छाते



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत 4 जुलाई स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि के अवसर पर लोकतंत्र सेनानी संघ के पदाधिकारियों द्वारा स्वामी विवेकानंद शासकीय प्राथमिक शाला एवं कस्तूरबा माध्यमिक शाला के बच्चों को छाते वितरित किए गये। कार्यक्रम में संतोष कठल, राजकुमार अग्रवाल, सुनील लूथरा, दिनेश लूथरा, मोहन साहू एवं गंज वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे। बच्चों को संबोधित करते हुए संतोष कठल ने कहा कि ज्ञान आपको पूरे जीवन भर काम आता है अतः ज्ञान प्राप्ति के भरसक प्रयास करें। शकील परवेज ने शाला की गतिविधियों की जानकारी दी। दिनेश लूथरा से स्वामी विवेकानंद के आदर्शो पर चलने की आवश्यकता बताई। श्रीमती माया रजक ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को बहुत प्यार दें ताकि वे हर रोज स्कूल आया करें। श्रीमती कल्पना उपाध्याय बहन जी ने लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रति आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में सहयोग करने की अपील की।




# 93 लाख के उप तहसील भवन निर्माण पर उठे सवाल

### फाउंडेशन में काली मिट्टी डालने का आरोप, गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने जताई चिंता

### पीआईयू एसडीओ बोले- हार्ड मुरम व गिट्टी चूरी का होना चाहिए उपयोग, ठेकेदार ने आरोपों को बताया निराधार



**सिवनी।** आदिवासी बाहुल्य विकासखंड की ग्राम पंचायत सुकतरा में लगभग 93 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन उप तहसील कार्यालय भवन की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है तथा भवन की नींव (फाउंडेशन) में निर्धारित सामग्री के स्थान पर काली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं।
जानकारी के अनुसार पुराना उप तहसील कार्यालय भवन जर्जर होने के कारण नए भवन की स्वीकृति मिली थी। भूमि विवाद के चलते निर्माण कार्य कुछ समय तक रुका रहा, जिसके बाद ग्रामीणों की सहमति से कब्रिस्तान के समीप स्थित शासकीय भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया।

**सूचना बोर्ड और शिलापट्ट नहीं, आखिर क्या छिपाया जा रहा है ?**

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भी स्थल पर सूचना बोर्ड और शिलापट्ट नहीं लगाया गया है। इससे निर्माण एजेंसी, स्वीकृत लागत, तकनीकी अधिकारियों, कार्य अवधि और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी आम लोगों के सामने नहीं आ सकी है। लोगों ने सवाल उठाया कि यदि निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है तो सूचना बोर्ड लगाने में देरी क्यों की जा रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि कहीं जानकारी छिपाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा।

**फाउंडेशन की गुणवत्ता पर उठे सवाल**

ग्रामीणों का आरोप है कि भवन की नींव में काली मिट्टी डाली जा रही है, जो निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं है। उनका कहना है कि यदि शुरुआत में ही गुणवत्ता से समझौता किया गया तो भविष्य में भवन की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर तकनीकी जांच कराने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है।

**आज नहीं चेते तो कल बन सकता है खंडहर**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर अभी से सख्ती नहीं बरती गई तो यह भवन भी जिले की उन कई सरकारी इमारतों की तरह कुछ ही वर्षों में जर्जर हो सकता है, जिनकी छतों से पानी टपकने, फर्श उखडऩे और दीवारों में दरारें आने की शिकायतें सामने आती रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण से लाभ लेने वाले अपना फायदा लेकर चले जाएंगे, लेकिन यदि बाद में अनियमितताएं सामने आईं तो मामला जांचों में उलझ जाएगा और करोड़ों की सरकारी राशि से बना भवन समय से पहले ही खंडहर बनने की स्थिति में पहुंच सकता है।
पीडब्ल्यूडी पीआईयू के एसडीओ दीनदयाल उपाध्याय ने बताया कि उन्हें फाउंडेशन में कम गुणवत्ता वाली काली मिट्टी उपयोग किए जाने की जानकारी मिली है। उनके अनुसार वहां हार्ड मुरम एवं गिट्टी की चूरी का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग को मामले की जानकारी है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
निर्माण एजेंसी एकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी, सूरत के ठेकेदार सुनील गाडिय़ा ने सभी आरोपों से इनकार किया। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण की लागत 93 लाख रुपये है, कार्य 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हुआ है तथा इसे जनवरी 2027 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। शिलापट्ट निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद लगाया जाएगा तथा फाउंडेशन में काली मिट्टी डाले जाने के आरोप पूरी तरह गलत हैं।

**ग्रामीणों की मांग**

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराने, निर्माण स्थल पर तत्काल सूचना बोर्ड एवं शिलापट्ट लगाने, गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा मानकों के अनुरूप निर्माण कराकर सरकारी धन का सदुपयोग सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक धन से बनने वाले भवनों में पारदर्शिता और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।









काली कमाई के खेल में सिर्फ मिलर्स ही नहीं, प्लांट के मालिक भी बराबर के साझेदार

# हजारों क्विंटल चावल की हेराफेरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एथेनॉल प्लांट के नाम पर हुए हजारों क्विंटल चावल की हेराफेरी के मामले में एक महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस ने अब तक जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उन्हें इस खेल का बेहद छोटा मोहरा बताया जा रहा है, जबकि इस पूरे रैकेट के मुख्य साजिशकर्ता और बड़े चेहरे अब भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने इस घोटाले को हजारों करोड़ रुपए का बताते हुए एक बार फिर इसकी सीबीआई (CBI) जांच कराने की मांग उठाई है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस सिर्फ सूत्रों के हवाले से खबरें चलवाकर



राइस मिलर्स को डरा रही है, लेकिन नामजद आरोपियों और उन्हें शह देने वाले राजनीतिक संरक्षकों का पता होने के बावजूद उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है।

मुंजारे ने खुलासा किया कि एथेनॉल प्लांट को चावल देने की नीति में पुराने चावल का स्टॉक मौजूद होने के बाद भी नया चावल सप्लाई कर दिया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बालाघाट से शुरू हुआ यह चावल घोटाला मध्य प्रदेश के जबलपुर, कटनी समेत कई अन्य शहरों और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र तक फैला हुआ है।

वहीं, कांग्रेस जिलाध्यक्ष और विधायक संजय उईके ने भी इसे एक सोची-समझी साजिश और बड़ा घोटाला करार दिया है, जिसके पीछे एक पूरा संगठित रैकेट काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस काली कमाई के खेल में सिर्फ मिलर्स ही नहीं, बल्कि प्लांट के मालिक भी बराबर के साझेदार हैं।

उईके ने सवाल खड़ा किया कि बिना बड़े राजनीतिक और प्रशासनिक वरदहस्त के छोटे कर्मचारी इतने बड़े घोटाले को अंजाम कैसे दे सकते हैं? साफ है कि कई 'बड़ी मछलियां' अभी भी कानून के जाल से बाहर तैर रही हैं।

कांग्रेस ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और घोटाले के पीछे छिपे बड़े चेहरों को बेनकाब करने की मांग की है, ताकि पुलिस की इस पूरी कार्रवाई में पारदर्शिता बनी रहे और आम जनता के हक का अनाज हड़पने वाले असली दोषी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच सकें।

बालाघाट में चिकित्सा का नया कीर्तिमान

# 5.5 किलो का विशाल ट्यूमर निकालकर सरदार पटेल हॉस्पिटल की सर्जरी टीम ने बचाई युवती की जान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए सरदार पटेल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी, बालाघाट के सर्जरी विभाग ने एक अत्यंत जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। वरिष्ठ सर्जन डॉ. निकलेश वासनिक एवं उनकी विशेषज्ञ टीम ने 26 वर्षीय महिला मरीज के पेट से लगभग 5.5 किलोग्राम वजनी विशाल ट्यूमर निकालकर उसे नया जीवन दिया।जानकारी के अनुसार, श्रीमती लक्ष्मी जंघेला (26 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 13, ग्राम केवलारी, जिला सिवनी (म.प्र.), लंबे समय से पेट में लगातार दर्द और असामान्य रूप से बढ़ते पेट के आकार से परेशान थीं। उपचार के लिए उन्होंने सिवनी, बालाघाट और गोंदिया के कई अस्पतालों के चक्कर लगाए। अनेक जांचों के बावजूद बीमारी का सही कारण सामने नहीं आ पाया। मरीज की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी और परिवार भी चिंता में था।इसके बाद मरीज को सरदार पटेल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गायखुरी लाया गया, जहां डॉ. निकलेश वासनिक ने सभी जांच रिपोर्टों का गहन अध्ययन किया। प्रारंभिक रूप से कैंसर की आशंका थी, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ विस्तृत चर्चा एवं परीक्षण के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह एक विशाल ट्यूमर है, जिसका तत्काल ऑपरेशन आवश्यक है।23 जून 2026 को करीब तीन घंटे तक चली जटिल सर्जरी में डॉक्टरों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। आखिरकार टीम ने सफलतापूर्वक मरीज के पेट



से लगभग 5.5 किलोग्राम वजनी ट्यूमर निकाल लिया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। 27 जून 2026 को उन्हें स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।मरीज के परिजनों ने अस्पताल की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब कई अस्पतालों में समाधान नहीं मिला, तब सरदार पटेल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने सही बीमारी की पहचान कर सफल उपचार किया।इस उपलब्धि पर चिकित्सक समुदाय एवं विभिन्न डॉक्टर संगठनों ने भी डॉ. निकलेश वासनिक एवं उनकी टीम की सराहना की। अस्पताल के संचालक एवं निदेशक ने पूरी सर्जरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि अस्पताल भविष्य में भी आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और अनुभवी विशेषज्ञों के माध्यम से क्षेत्र की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# धान की पौध में कीटनाशक छिड़काव करने गए किसान की हुई मौत

## पुलिस जांच जारी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चिचगांव में रविवार को धान की पौध में कीटनाशक का छिड़काव करने गए एक किसान की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिजनों ने किसान को खेत में अचेत पाया और तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चिचगांव निवासी दुर्गेश पिता मालिक पंचेश्वर रविवार दोपहर करीब 2 बजे अपने खेत में धान की पौध यानी खार में कीटनाशक का छिड़काव करने गए थे। शाम तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन उनकी तलाश करते हुए शाम साढ़े 5 बजे खेत की तरफ पहुंचे। खेत के पास स्थित मोक्षधाम के पास दुर्गेश अचेत अवस्था में पड़े मिले। परिजनों ने तुरंत उन्हें शासकीय अस्पताल कटंगी पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल अधिकारियों द्वारा इस बात की पुष्टि नहीं की गई है कि किसान की मौत कीटनाशक के प्रभाव से हुई है या किसी अन्य कारण से। प्रारंभिक



तौर पर यह मामला कीटनाशक के संपर्क में आने से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट के कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। सोमवार को सुबह 11 बजे शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दुर्गेश के आकस्मिक निधन से चिचगांव में शोक की लहर है।

इस घटना के बाद कृषि विभाग के एक अधिकारी ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि कीटनाशक का छिड़काव करते समय किसानों को पूरे सुरक्षात्मक उपकरण जैसे दस्ताने, मास्क और पूरे कपड़े पहनने चाहिए। तेज धूप और खाली पेट छिड़काव करना खतरनाक हो सकता है। अक्सर लापरवाही के कारण किसान जहरीले रसायनों के संपर्क में आ जाते हैं।

# डायरिया रोको अभियान के तहत लिमोटी और करवाही में हैंडपंप का सुधार

**बालाघाट।** जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) उपखंड बैहर द्वारा विकासखंड बैहर के ग्राम लिमोटी एवं ग्राम करवाही में पेयजल स्त्रोतों को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान विभागीय टीम ने गांव पहुंचकर खराब पड़े हैंडपंपों का तत्काल सुधार किया, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही दोनों गांवों के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया, ताकि पानी में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं का नाश हो सके और डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम की जा सके।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पेयजल को हमेशा साफ बर्तनों में ढककर रखें तथा उपयोग से पहले पानी को छानकर या आवश्यकतानुसार उबालकर ही सेवन करें। विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी, हैंडपंपों का रखरखाव और क्लोरीनीकरण का कार्य लगातार जारी है, ताकि आमजन को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# शासकीय महाविद्यालय हट्टा मे आयोजित हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

शासकीय महाविद्यालय हट्टा मे मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 01 जुलाई 2026 से 3 जुलाई 2026 तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे नव प्रवेशित छात्र - छात्राओ का स्वागत करते हुए उन्हे महाविद्यालय जीवन पाठ्यक्रम महाविद्यालय मे विधार्थी हित की योजनाओ तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबधित महत्वपूर्ण जानकारिया दी गई । कार्यक्रम के प्रथम दिवस 1 जुलाई 2026 को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अंशुल मेश्राम ने छात्र - छात्राओ का तिलक लगाकर स्वागत किया । तत्पश्चात अपने उदबोधन मे उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना, उपलब्धियों ,शैक्षणिक गतिविधीयों , महाविद्यालय मे उपलब्ध संसाधन एव सुविधायों , महाविधालयों के नियम एव शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला । साथ ही प्रभारी प्राचार्य महोदय दे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उपर विस्तृत रूप से बच्चों को उसकी बारीकियों के बारे मे उपस्थित जनसमूह को बताया । दीक्षारम्भ कार्यक्रम के दूसरे दिन 2 जुलाई 2026 को कार्यक्रम प्रारंभ होने के उपरांत श्री बसंत दशरीये( सहायक प्राध्यापक ) द्वारा नोव प्रवेशीत बच्चों को नवीन पाठ्यक्रम एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी । विज्ञान शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा नव प्रवेशी छात्र छात्राओ को प्रयोगशाला का भ्रमण कराते हुए उसकी कार्य पद्धति को संक्षिप्त रूप मे समझाई गई । खेल शिक्षक श्री सचिन तिवारी सर द्वारा विधार्थीयो को महाविद्यालय मे होने वाली खेल गतिविधियों एवं खेलों के महत्व को विस्तृत रूप से बताया गया । महाविधालय की शिक्षिका श्रीमती दिशा हरिनखेड़े मेडम द्वारा महाविधालय मे एंटी रैंगिग सम्बधी प्रावधानों लेंगिक सवेदनशीलता महिला सुरक्षा एवं छात्रों के महाविधालय मे विधार्थीयो को किस प्रकार आचरण करना है इस सम्बद्ध मे विस्तार से विधार्थीयो को अपने उदबोधन मे बताया । दीक्षारंभ कार्यक्रम के तृतीय दिवस 3 जुलाई 2026 को महाविधालय के शिक्षक श्री राकेश रंगारे ने नव प्रवेशित विधार्थीयो को महाविधालय मे शासन द्वारा दी जा रही छात्रवृति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, गाव के बेटी ,प्रतिभा किरण , मुख्यमंत्री मेधावी विधार्थी योजना सहित अन्य छात्र हितग्राही योजनाओ के बारे मे विस्तार से बताया एवं कार्यक्रम के अंत मे सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त कर तीन दिवसीय कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई ।

# राजनीति का धौंस बताकर, सुरपति यादव कर रही दबंगई

## थाना प्रभारी बैहर का मिल रहा भरपूर संरक्षण!

हरिभूमि न्यूज बैहर।

बालाघाट जिले की नगरीय निकाय बैहर मे इन दिनों एक महिला पार्षद का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है, कहने को तो वार्ड की पार्षद है, लेकिन भाजपा पार्टी मे होने का राजनितिक धौंस जमाकर, अपने ही वार्ड के नागरिकों को व्यक्तिगत रूप से प्रताडित करने मे कोई कसर नहीं छोड़ रही है! कभी किसी के निर्माणाधीन मकानों की शिकायत करती है, तो कभी किसी के घर सामने का नल कनेक्शन कटवा देती है, तो कभी किसी के घर सामने की जल रही प्रकाश व्यवस्था को प्रभावित करती है, तो कभी किसी के विरुद्ध झूठी शिकायत लेकर थाने पहुँच जाती है, हद तो तब हो जाती है, जब प्रशासनिक अधिकारी उसकी चिकनी छुपड़ी बातो मे आकर महिला पार्षद के इशारे पर नाचने लगते है, पुलिस थानो मे उसकी झूठी गवाही पर रिपोर्ट दर्ज कर ली जाती है! लेकिन जो उसके खिलाफ शिकायत लेकर जाता है, तब उसके विरुद्ध कोई मामला पंजीबद्ध नहीं की जाती है! इस तरह का पक्षपात थाना प्रभारी बैहर के द्वारा खुलेआम किया जा रहा है।

### क्या है पुरा मामला

पीड़ति से प्राप्त जानकारी अनुसार बताया जाता है, पीड़ति लगभग तीन सालो से अपने खून पसीने की कमाई से घर का निर्माण कर रहा है, जिसको ना तो प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला ना तो नगर परिषद के किसी योजना से लाभान्वित किया गया, बाउजूद इसके, वार्ड की पार्षद सुरपती यादव, पीड़ति के घर जाकर,यह बोलकर धमकी देते रही की, मेरी अनुमति बगैर घर कैसे बनाया, मै नगर परिषद की टीम बुलवाकर घर गिरवा दूंगी, कहकर जातिगत रूप से गाली गलौच कर अपमानित करती रही, लेकिन पीड़ति नजरअंदाज करते गया, वही विगत 5 जुलाई को जब भारी बारिश के चलते पानी से जलभराव हुआ तब पार्षद को फिर मौका मिल गया और पीड़ति के घर पहुंच गई,और वही धमकी फिर से देने लगी , की मुझसे बिना पूछे घर बनाये हो, बारिश का पानी रोड के समीप से निकासी मत करो कहकर जातिगत रूप से गाली गलौच करने लगी, और अपने समर्थको को बुलाकर, विवाद को उकसाने की कोशिश करने लगी, जिसका वीडियो पीड़ति द्वारा बनाकर बैहर थाने मे शिकायत की गई है! लेकिन पार्षद के विरुद्ध कोई मामला पंजीबद्ध नहीं किया गया! जिसके चलते पीड़ति ने उचित कार्यवाही को लेकर पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों से पार्षद के खिलाफ मामला पंजीबद्ध की मांग, की है।

### मामला पंजीबद्ध नहीं होने से, सुरपति के बढ़ रहे हौंसले

प्राप्त जानकारी अनुसार बताया



जाता है, की वार्ड न 6 की पार्षद सुरपती यादव अपने संकुचित स्वभाव के चलते हमेशा विवादों से चोली दामन का साथ रहा है, हद तो तब हो जाती है, जब चुनाव के वक्त विपक्ष मे काम करने वालों को, तुम मुझे वोट नहीं दिए हो कहकर अभद्रता करने लगती है, और शासन की महत्वाकाक्षी योजना से वंचित करने के लिए नगर परिषद मे अधिकारी कर्मचारी को दबाव बनाकर, पात्र हितग्राही को भी अपात्र करवाने मे कोई कसर नहीं छोड़ती है! पार्षद पद मे रहकर योजनाओ का बखूबी लाभ ले रही है! और चुनाव मे उसको वोट नहीं देने वालो को चिन्हित कर उनके विरुद्ध झूठी शिकायत लेकर थानो के चक्कर काटना बेखौब कर रही है, विगत समय जब सुरपति यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन, तत्कालीन थाना प्रभारी जयंत मर्सकोल्हे द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, और वर्तमान मे भी पार्षद के खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध नहीं किया गया, जिससे पार्षद सुरपती यादव बैहर पुलिस का संरक्षण पाकर दबंगई कर रही है।

किराए के भवन में पंचायत कार्य होंगे संचालित

# लालपुर का पंचायत भवन जर्जर, दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण






हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

जनपद पंचायत बिरसा अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर का लगभग 32 वर्ष पुराना पंचायत भवन अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं, छत का प्लास्टर लगातार झड़ रहा है और बरसात के मौसम में छत से पानी भी टपकता है। हालात ऐसे हैं कि पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने भवन में बैठकर काम करना तक असुरक्षित मान लिया है। जनहानि की आशंका को देखते हुए अब पंचायत कार्यालय को किराए के भवन में संचालित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।जानकारी अनुसार, ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती काशीबाई मरकाम, सचिव रुपेश पटले एवं रोजगार सहायक भुवनेश्वर दुबे ने बताया कि पंचायत भवन का निर्माण वर्ष 1994 में हुआ था। तीन दशक से अधिक समय बीत जाने के कारण भवन पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। कई स्थानों पर दीवारों में चौड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं, जबकि छत का प्लास्टर बड़े हिस्सों में टूटकर गिर चुका है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि छत से पानी लगातार टपकता रहता है।

### बैठक के दौरान गिरा प्लास्टर, टला बड़ा हादसा...

सरपंच श्रीमती काशीबाई मरकाम ने बताया कि कुछ दिन पहले पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान अचानक छत का भारी प्लास्टर टूटकर नीचे गिर गया। सौभाग्य से प्लास्टर कुर्सी पर गिरा और उस समय वहां कोई व्यक्ति नहीं बैठा था। यदि प्लास्टर किसी ग्रामीण, जनप्रतिनिधि या कर्मचारी के ऊपर गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना के बाद पंचायत कर्मचारियों ने भवन के भीतर बैठकर कार्य करने से परहेज शुरू कर दिया।

### वर्षों से लगा रहे गुहार, नहीं मिली स्वीकृति...

पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए कई बार जनपद पंचायत बिरसा, जिला पंचायत बालाघाट, कलेक्टर कार्यालय तथा क्षेत्रीय विधायक को लिखित आवेदन और ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। इसके बावजूद आज तक भवन निर्माण के लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं हुई और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल की गई। पंचायत का आरोप है कि लगातार मांग के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने इस गंभीर समस्या की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया।

### विकास कार्य और योजनाओं पर पड़ रहा असर...

जर्जर भवन का असर पंचायत के दैनिक कार्यों और शासन की योजनाओं पर भी पड़ रहा है। पंचायत कर्मियों के अनुसार ग्रामीण भवन की खराब स्थिति के कारण अंदर बैठने से डरते हैं। अधिकांश लोग बाहर खड़े होकर ही अपनी समस्याएं बताते हैं। बरसात के दिनों में छत टपकने से पंचायत के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी भीगने का खतरा बना रहता है। इससे शासकीय रिकॉर्ड सुरक्षित रखना भी बड़ी चुनौती बन गया है।

### किराए के भवन से चलेगा पंचायत कार्यालय...

सरपंच श्रीमती काशीबाई मरकाम ने बताया कि वर्तमान भवन में कार्य करना कर्मचारियों और ग्रामीणों की जान जोखिम में डालने जैसा है। इसलिए बारिश के मौसम को देखते हुए गांव में सुरक्षित किराए के भवन की तलाश की जा रही है। जैसे ही उपयुक्त स्थान मिलेगा, पंचायत कार्यालय का संचालन वहीं से किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षित वातावरण में शासकीय कार्य संचालित किए जा सकें। ग्राम पंचायत लालपुर के जर्जर भवन की स्थिति प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। यदि समय रहते नए भवन का निर्माण नहीं कराया गया तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर सुरक्षित एवं आधुनिक पंचायत भवन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### इनका कहना हैं

पंचायत भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। दीवारों में दरारें हैं और छत का प्लास्टर लगातार झड़ रहा है। ऐसे भवन में पंचायत कार्यालय संचालित करना किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकता है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र नवीन पंचायत भवन की स्वीकृति देकर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

**रुपेश पटले, सचिव**
**ग्राम पंचायत लालपुर**

नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। जैसे ही राशि स्वीकृत होगी, भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल पंचायत कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर पंचायत कार्यालय संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

**अभिषेक सराफ,**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत बालाघाट**

# टीएल बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

**बालाघाट।** 06 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय-सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक एवं श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक में सबसे पहले जिले के जर्जर शासकीय भवनों एवं इमारतों की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देशित किया गया कि जो भवन या दीवारें मरम्मत योग्य नहीं हैं, उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल हटाया जाए। साथ ही स्कूलों में यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि शिक्षक एवं कर्मचारी अपने वाहन ऐसे स्थानों पर खड़े न करें, जहां विद्यार्थियों के बैठने अथवा आवागमन में बाधा उत्पन्न हो। जिला शिक्षा अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि किसी भी स्कूल या आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन जर्जर भवन में नहीं होना चाहिए। जिन भवनों में मरम्मत अथवा सुधार कार्य आवश्यक है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए।

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए गए कि बारिश एवं आंधी-तूफान के दौरान विद्युत व्यवस्था सुचारु बनी रहे। झूलते बिजली के तारों की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सभी तहसीलों में विभागीय टीमों को सतर्क रखने तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# गणेश अग्रवाल बने सांसद प्रतिनिधि



**बालाघाट।** जिले में विगत कई वर्षो से सर्व समाजसेवा धर्म प्रेमी मृदुभाषी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में सेवा देने वाले गणेश अग्रवाल को बालाघाट सिवनी क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद भारती पारधी ने सांदीपनी विद्यालय का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है । सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर गणेश अग्रवाल ने जिले की सांसद भारती पारधी का आभार और भारतीय जनता पार्टी का बहुत-बहुत आभार मानते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करेंगे । इस अवसर पर अग्रवाल को उनके चाहने वाले ईष्ट मित्र सामाजिक धार्मिक लोगों ने बधाई दी है उज्जवल भविष्य स्वस्थ्य सुखद खुशहाल जीवन जीने हेतु शुभकामनाएं दी है ।

